प्रसार भारती
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 रविवार** **दिनांक 23.06.2024**

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

- सुकमा जिले के सिलगेर में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में दो जवान शहीद।
- नीट–यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की।
- छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने जारी किए हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा के पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के परिणाम।
- छत्तीसगढ़ में छब्बीस जून से वर्षा की गतिविधि बढ़ने की संभावना।

**जवान शहीद**

सुकमा जिले के सिलगेर में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियान के दो जवान शहीद हो गए हैं। वहीं, कुछ जवानों के घायल होने की खबर है।

हमारे संवाददाता ने बताया कि माओवादियों ने जवानों को ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। इस विस्फोट में दो जवान शहीद हो गए हैं। वहीं, कुछ जवानों के घायल होने की खबर है।

**माओवादी–नकली नोट**

सुकमा जिले से सुरक्षा बलों ने तलाशी के दौरान माओवादियों द्वारा छापे गए नकली नोट बरामद किए हैं। मौके से नकली नोट के सेम्पल, प्रिंटर, स्याही और अन्य सामग्री भी जब्त की गई है।

पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि जिला बल, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड—डीआरजी, बस्तर फाईटर और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल—सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी सर्चिंग के लिए ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम और आस—पास के क्षेत्र की ओर रवाना हुई थी। इस दौरान सुरक्षा बलों को देखकर माओवादी जंगल की ओर भाग गए। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान अलग—अलग जगहों पर माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गये नकली नोट बनाने के उपकरण सहित पचास, सौ, दो सौ और पांच सौ के नकली नोट के सेम्पल के अलावा भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, मैग्जीन, वर्दी और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है।

**माओवादी—गिरफ्तार**

धमतरी जिले में पुलिस ने एक महिला माओवादी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मैंगो नुरेटी नाम की यह महिला घायल स्थिति में ओडिशा भागने की फिराक में थी, इसी दौरान सर्चिंग में निकली ओडिशा पुलिस की टीम ने उसे एकावरी से गिरफ्तार किया और फिर छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंप दिया।

जिले के डीएसपी नक्सल ऑपरेशन आरके मिश्रा ने बताया कि पिछले दिनों डीआरजी की टीम और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान जब इस महिला नक्सली को गिरफ्तार किया गया, तो उसके पैर में गोली लगी हुई थी। धमतरी पुलिस ने इसका लगभग दो महीने तक रायपुर के मेकाहारा और फिर जिला अस्पताल धमतरी में इलाज करवाया था। बताया जाता है कि घायल महिला माओवादी मैंगो नुरेटी एकावरी मुठभेड़ की मास्टरमाइंड थी और कई माओवादी वारदातों में शामिल रही है।

**यूजीसी—नीट—एफ.आई.आर**

नीट–यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की है। ब्यूरो के सूत्रों के मुताबिक, यह एफआईआर शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर दर्ज की गई है। व्यापक जांच और बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए ब्यूरों इस मामले में देश भर में दर्ज मामलों को भी अपने हाथ में लेने के लिए कदम उठा रही है।

शिक्षा मंत्रालय ने कल राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा– नीट–यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं का मामला व्यापक जांच के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दिया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता और विद्यार्थियों का हित सुनिश्चित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस मामले में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

केन्द्र सरकार ने परीक्षाओं में कदाचार रोकने के लिए लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम 2024 लागू किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने पिछले महीने की पांच तारीख को नीट यूजी परीक्षा संचालित की थी। परीक्षा में देशभर में अनियमितता बरते जाने और जालसाजी के आरोप लगे थे।

## मुख्यमंत्री–राज्यमंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रायपुर स्थित निवास कार्यालय में केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्यमंत्री तोखन साहू ने सौजन्य मुलाकात की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय राज्यमंत्री के साथ छत्तीसगढ़ में आवास और शहरी विकास की योजनाओं को गति देने से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने तोखन साहू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा सहित, बिलासपुर, लोरमी, तखतपुर और मुंगेली क्षेत्र से आए नागरिक उपस्थित थे।

## डिफेंस कौंसिल सिस्टम–प्रशिक्षण

छत्तीसगढ़ के तेईस जिलों में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम में नियुक्त अधिकारियों के लिए बिलासपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने कहा कि लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के माध्यम से अभिरक्षाधीन बंदियों और जरूरतमंदों को उच्च गुणवत्तायुक्त निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कौंसिल से कहा कि एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नये कानूनों का सूक्ष्मता से अध्ययन करें, ताकि विचाराधीन बंदियों और जरूरतमंद को न्याय मिल सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायाधीश न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और राज्य न्यायिक एकेडमी के अध्यक्ष न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

**पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन–परिणाम**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष–दो हजार चौबीस के पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के परीक्षा परिणाम आज जारी कर दिए गए हैं। पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव ने बताया कि पुनर्गणना के एक हजार चौरासी और पुनर्मूल्यांकन के नौ हजार आठ सौ छिहत्तर आवेदन प्राप्त हुए थे। मण्डल द्वारा जारी परिणाम में पुनर्गणना के एक सौ तिरपन और पुनर्मूल्यांकन के चार हजार दो सौ चौरासी आवेदकों के अंकों में परिवर्तन हुआ है।

**श्यामा प्रसाद मुखर्जी–पुण्यतिथि**

डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ.

श्यामा प्रसाद मुखर्जी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उनके आदर्शों पर चलते हुए हम समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण की ओर बढ़ रहे हैं।

**बस्तर–वृक्षारोपण**

बस्तर के सात हजार से अधिक देवगुड़ी–मातागुड़ी और तीन हजार से ज्यादा वन अधिकार मान्यता पत्र स्थलों के आसपास वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत नीम, आम, जामून, करजी, अमलताश जैसे फलदार और छायादार पौधे लगाए जाएंगे। बस्तर के सात जिलों में पांच लाख से ज्यादा पौधे रोपने के लिए बस्तर कमिश्नर ने जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया है। वृक्षारोपण की इस मुहिम में जनजाति समुदायों को भी भागीदार बनाया जाएगा। कमिश्नर ने वन विभाग के सहयोग से पन्द्रह जुलाई तक पौधारोपण कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। साथ ही कलेक्टरों को वृक्षारोपण अभियान की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

**कलेक्टर–बैठक**

बलौदाबाजार जिले के कलेक्टर दीपक सोनी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सभी एसडीएम और एसडीओपी को सूचना तंत्र मजबूत करने और पुलिस की गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने गांवों में समय–समय पर शांति समिति की बैठक कराने और धार्मिक स्थलों पर निगरानी रखने को भी कहा। कलेक्टर ने रैली और धरना–प्रदर्शन करने के लिए अनुमति लेने से पहले शपथ पत्र प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही तहसीलदार और थानेदार को गांवों के विवादित प्रकरण के तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल...**

छत्तीसगढ़ में दो दिन बाद यानी छब्बीस जून से वर्षा की गतिविधि बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार सत्ताईस और अट्ठाईस जून को राज्य के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं, दक्षिण छत्तीसगढ़ के एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। राज्य में अगले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की आशंका है।

**संक्षिप्त समाचार**
**और अब कुछ खबरें संक्षेप में–**

– राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस के पांचवें सरसंघचालक स्वर्गीय सुदर्शन जी की स्मृति में आज रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है। इसका विषय है ''भारतीय परिवार व्यवस्था की शक्ति''। इसमें मुख्य वक्ता है संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी शामिल हो रहे हैं।

– पूर्व विधायक और महासमुंद के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अग्नि चन्द्राकर का आज निधन हो गया। उनका इलाज रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। अंतिम संस्कार कल उनके गृहग्राम लभराकला में किया जाएगा।

– भारतीय जनता पार्टी पच्चीस जून को राज्य के सभी जिलों में आपातकाल  काला दिवस मनाएगी।

– रायगढ़ शहर में स्थित रायगढ़ क्लब पर जिला प्रशासन के आधिपत्य बना रहेगा। इस संबंध में एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

– राज्य सेवा परीक्षा वर्ष 2022 के परिणाम के आधार पर सहकारिता विभाग में चयनित अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। नियुक्त उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक तीन वर्ष की परिवीक्षावधि पर की गई है।

– बिलासपुर की आरपीएफ टीम ने उसलापुर स्टेशन पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से अट्ठारह किलो गांजा जब्त किया गया है।

और

– प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा इक्कीस जुलाई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने इच्छुक और पात्र विद्यार्थी आठ जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><